तापमान
अधिकतम 28.1 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

11 मेंढका डोबरा मंदिर में 220 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में
12 समुदाय के अधिकार व चुनौती पर वर्कशॉप







## खबर संक्षेप



### गौ पूजन कार्यक्रम संपन्न संगणना की हुई चर्चा

**कोण्डागांव।** ग्राम बानगांव में गुरुवार को गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती श्यामा नेताम, गणमान्य नागरिक लतेल राम नाइक, सुकमन यादव, चमरू राम, सोहन लाल, जालंधर, और ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती रीना यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं और 21वीं पशु संगणना के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा निकाली गई रैली ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह भरा। बच्चों ने सटीक पशु संगणना, राष्ट्र की उन्नति का आधार, मेरी पशु मेरी जानकारी, होगी समृद्ध संपदा हमारी, और पशु पक्षी ला गिनवाबो आउ, पशु विभाग ले योजना के लाभ पाबो जैसे स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को पशु संगणना के प्रति जागरूक किया। गौ पूजन कार्यक्रम में गांव के सचिव, सरपंच और स्कूल के प्रधानाध्यापक का विशेष योगदान रहा। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए पशु संगणना और विभागीय योजनाओं की जानकारी को उपयोगी बताया।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान किबईबालेंगा का संचालन निलंबित

**कोण्डागांव।** शासकीय उचित मूल्य दुकान किबईबालेंगा दुकान संचालक एजेंसी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति किबईबालेंगा के द्वारा दुकान संचालन में अनियमितता एवं खाद्यान्न सामग्री की डीडी राशि समय पर जमा नहीं करने के फलस्वरूप दुकान संचालन निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंडागांव के अनुसार ग्राम किबईबालेंगा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए इच्छुक समिति 24 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागाव में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। जिसके परीक्षणोपरांत संबंधित एजेंसी, संस्था व समूह को उचित मूल्य दुकान आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। दुकान आवंटन के लिए निम्नांकित एजेंसी ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक सहकारी साख समितियों, लैम्प्स समितियां, वन सुरक्षा समितियां, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गठित सहकारी समितियां और अन्य सहकारी समितियों जो छत्तीसगढ़ सहकारिता अनिधिनियम 1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारी अधिनियम–1999 के तहत पंजीकृत हो एजेन्सियों का कार्यक्षेत्र उक्त संबंधित ग्राम पंचायत का होना अनिवार्य है आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

विरोध : धान खरीदी, वादाखिलाफी व कानून-व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

# युवक कांग्रेस ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश सरकार किसानों के साथ की गई वादा खिलाफी, लचर कानून व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर युवक कांग्रेस ने गुरुवार को जंगी प्रदर्शन करते कलेक्टोरेट का घेराव किया। शहर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के मार्गदर्शन पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर-ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अजय बिसाई व युवा कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहन कृष्ण पाढ़ी ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक डेविड के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के एक वर्ष बेहद कठिनाइयों, अव्यवस्थाओं, बढ़ते अपराध, बढ़ते नशा के कारोबार, धान खरीदी समर्थन मूल्य की वादाखिलाफी व बारदाना की कमियों से परिपूर्ण, खराब कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, दुष्कर्म, बढ़ती महंगाई, लचर स्वास्थ्य सुविधाएं और छत्तीसगढ़ के उद्योगों में स्थानीय बस्तरिया युवाओं को रोजगार से वंचित कर ▶▶|शेष पेज 10 पर

- राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा




### विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसी

*इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी राजीव शर्मा, जतिन जैसवाल,एम शंकर राव,अतिरिक्त शुक्ला,दिनेश यदु,हेमू उपाध्याय,बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बसाई ,करपावंड ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम नाइक,जगमोहन बघेल,ईश्वर बघेल, हनुमान द्विवेदी,अंगद प्रसाद त्रिपाठी,रविशंकर तिवारी,नरेंद्र तिवारी, अवधेश झा,जयशंकर श्रीवास,विजय सिंह,अफरोज बेगम,महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सायमा अशरफ,मनिता राउत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### प्रदेश को अपराध की ओर झोंका

*मोहन कृष्ण पाढ़ी एवं अभिषेक डेविड ने बताया छत्तीसगढ़ में सरकार बस्तर समेत पूरे प्रदेश को अपराध की ओर झोंक दिया है। महज एक साल में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का ही कार्य किया है। मंहगाई दिनो दिन बढ़ते जा रही। सरकार ने एक साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। रोज नक्सली हत्याएं कर रहे हैं।*

### साय सरकार से नहीं संभल रहा प्रदेश

*सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बताया छत्तीसगढ़ की साय सरकार से प्रदेश नहीं संभल पा रहा है। प्रदेश में धान खरीदी में किसानों को समस्या हो रही है, कांग्रेस पार्टी किसानों को समर्थन मूल्य पर पैसे देने की मांग करता है।*

### युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी

*पूर्व विधायक रेखचन्द जैन ने कहा भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा स्वयं शराब बेचने तथा प्रदेश में युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति पर रोक लगाने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी होनी चाहिए। जिले सहित प्रदेश में विगत वर्षों में लगातार बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने में प्रदेश की सरकार नाकाम रही है। आये दिन हो रहे चाकुबाजी हत्याएं, महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म,आगजनी लूट इसका साक्षात उदाहरण हैं।*

# हड़ताल खत्म होने के बाद भी धान उठाव में नही आई तेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में धान खरीदी जितनी रफ्तार में हो रही है उसके विरुद्ध उठाव की गति धीमी है। हाल ही में धान खरीदी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाले सहकारी समिति संघ मांगों को लेकर हड़ताल में चले जाने से धान उठाव पूरी तरह से थम गई थी। सम्भाग के अनेक केंद्रों में बफर स्टॉक की समस्या उत्पन्न हो गई थी। अब हड़ताल खत्म हो गई है। बावजूद उठाव की रफ्तार धीमी है। बस्तर सम्भाग में 19 दिसम्बर की स्थिति में धान खरीदी कुल 46 लाख 90 हजार 347 क्विंटल की जा चुकी थी। जबकि इसके विरुद्ध उठाव 4 लाख 10 हजार 682 क्विंटल किया गया है। अभी भी सम्भाग के सातों जिलो कांकेर,कोंडागाँव, बस्तर,, बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा में लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे जाम है। शहर से 20 किमी दूर छापर भानपुरी केंद्र में उठाव की स्थिति ठीक नहीं है। यहां 1 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक कुल खरीदी 23735 क्विंटल की जा चुकी है,जिसमे केवल 355 क्विंटल संग्रहण केंद्र को जारी किया गया है। शेष धान खरीदी केंद्र में खुले आसमान के नीचे जाम है।

- बस्तर सम्भाग में अब तक 46 लाख 90 हजार 347 क्विंटल धान की खरीदी

# सेतु निर्माण ने नहीं किया डिमांड नोट पर भुगतान, पेड़ कटाई अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण की ओर से पुराने पुल के निकट खड़कघाट में 44 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल के निर्माण कार्य के लिए वन विभाग ने सेतु निर्माण विभाग को चिन्हित 41 पेड़ों की कटाई के लिए डिमांडनोट दिया, पर सेतु निर्माण ने अब तक भगुतान नहीं होने से चिन्हित पेड़ों की कटाई नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि कोहकापाल, मुक्तिधाम, प्रवीर-विजय वार्ड को इस सड़क से जोड़ने वाली पुरानी सड़कों के लिए सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है। वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि सेतु निर्माण की ओर से डिमांडनोट नहीं दिया गया है। डिमांडनोट का भुगतान होने के बाद चिन्हित पेड़ों की कटाई की जाएगी। सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर ▶▶|शेष पेज 10 पर



# परिवहन सुविधा केंद्र की असुविधाओं से वाहन चालक हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय न आना पड़े और अपने आसपास ही यह काम हो जाए इसके लिए बस्तर जिले में 3 परिवहन सुविधा केंद्र खोले गए हैं। इसमें से आड़ावाल स्थित परिवहन सुविधा केन्द्र में लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, जैसे कर्मचारियों सूची, किस कार्य के लिए कितनी दर का डिसप्ले, पार्किंग की सुविधा नहीं है। बताया जा रहा है कि परिवहन सुविधा केंद्रों में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा दी गई है। जहां जाकर आसानी से लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। अब तक लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ती थी। अब लोग चाहे तो सुविधा केंद्र में भी जाकर लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र में सुविधाएं नहीं होने के लिए नोटिस दिया जाएगा।




# नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आए मादा भालू व दो शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में लाल आंतक के साए में इंसानों की ही नहीं जानवरों को भी अपनी जान गवांनी पड़ रही है। ताजा मामला दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के कोसलनार जंगल का है जहां नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी की चपेट में आने से मादा भालू की मौत हो गई, वहीं तीन शावक की भी भूख से मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल प्रभावित जिलों में आईईडी के अलावा टिफिन बम और स्पाइक होल लगाने जैसी घटनाओं को नक्सली अंजाम दे रहे हैं। जिसकी चपेट में सुरक्षा बल के जवानों के अलावा अब जानवर और मवेशी भी आने लगे हैं। ताजा मामला बारसूर थाना क्षेत्र के कौशलनार के जंगल का है, जहां एक मादा भालू और उसके दो बच्चे मृत हालत में अपनी मां के शव के ऊपर पड़े मिले। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने माड़ के रास्ते में जवानों को निशाना बनाने के लिए आईईडी प्लांट किया था। जिसकी चपेट में आने से मादा भालू व उसके दो बच्चों की मौत है गई। बताया जा रहा है कि मां की मौत के बाद खाना न मिलने से भूख के कारण उसके दो बच्चों की भी जान चली गई। दंतेवाड़ा के एसपी गौरव राय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों का अमानवीय चेहरा लगातार उजागर हो रहा है। नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से अब तक दर्जनों लोगों के अलावा जानवरों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ चुका है। एसपी ने कहा कि नक्सलियों के इस कायराना करतूत की जांच की जा रही है।

- दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र का मामला



### वन विभाग की टीम मौके पर रवाना

*जानकारी के मुताबिक कौशलनार के जंगल में इस तरह की घटनाए पहले भी कई बार हो चुकी है। दो दिन पहले इसी जंगल में एक ग्रामीण भी आईईडी की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठा था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनकी टीम कौशलनार के जंगल में जांच के लिए रवाना हो चुकी है। इस घटना की खबर से पुरे बारसूर इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।*

### लकड़ी लेने गए ग्रामीण ने धमाके की आवाज सुनी

*बताया जा रहा है कि लकड़ी लेने गए ग्रामीणों ने धमाके की आवाज सुनी और मौके पर भालू व उसके शावकों के शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस व वन विभाग को दी गई। ग्रामीण मनारू अकाली जब जंगल में लकड़ी लेने गया था, तभी उसने धमाके की आवाज सुनी और अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे।*

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# टलनार धान खरीदी केन्द्र में बवाल, किसान के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावण्ड ब्लॉक के टलनार धान खरीदी केन्द्र में गुरुवार को उस समय बवाल हो गया जब किसान ने निर्धारित मात्रा से अधिक धान कांटा करने का विरोध किया। विरोध करने पर किसान से मारपीट किए जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक टलनार निवासी किसान डमरूधर पिता ईश्वर का 52 क्विटंल का टोकन काटा गया था। लेकिन प्रति बोरा निर्धारित 40.500 किलो की बजाए 41.300 किलो धान तौला जा रहा था। किसान ने जब इसका विरोध किया तो धान खरीदी केन्द्र प्रभारी बलराम सिन्हा व बारदाना प्रभारी गुड्डु उससे विवाद करते हुए हाथापाई करने लगे। मारपीट होते देख अन्य किसान भी पिड़ित किसान के पक्ष में आ गए और मारपीट का विरोध किया। शासन के नियम के मुताबिक प्रति बोरा 40 किलो व बोरे का वजन 5 सौ ग्राम ▶▶|शेष पेज 10 पर

- निर्धारित मात्रा से अधिक धान तौलने को लेकर हुआ विवाद



WE CORDIALLY INVITE YOU TO THE FUNERAL SERVICES OF

# PT MARIAMMA

M/O Saji Varghese & Raji Varghese



May 24, 1943 - Dec 18, 2024

## FUNERAL DETAILS

DEC 20, 2024 (FRIDAY)

11:00 am — Service at Residence, Varghese Mansion, Dharampura

12:00 pm — Service at Church, Mar Thoma Syrian Church, Shanti Nagar

1:00 pm — Service at Cemetery, Methodist Episcopal Church Cemetery, Shanti Nagar

## PUBLIC VIEWING

8:00 am - 10:50 am at Varghese Mansion, Ashram to College Road, Dharampura No.1

**Regards,**
Varghese Family (Saji Varghese, Liji Varghese, Raji Varghese, Ginu Raji, Shine Varghese, Jerin Varghese & Shan Mary Saji), Dharampura No. 1, Jagdalpur

**Our deepest condolences,**
**Staffs at *VARGHESE BUILDERS***

## खबर संक्षेप



### धूल से बढ़ी परेशानी, युकां ने राहत दिलाने सौंपा ज्ञापन

**केशकाल।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग के नेतृत्व में आज केशकाल विश्रामपुरी मार्ग में धूल से हो रहे परेशानियों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी केशकाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया है। जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग ने बताया कि केशकाल घाट मरम्मत कार्य के चलते परिवर्तन मार्ग केशकाल कोहकामेटा से विश्रामपुरी मार्ग में यातायात के भारी दबाब के चलते क्षेत्र के रहवासियों को उड़ रही धूलों के गुब्बारों से भारी तकलीफ उठानी पड़ रही है। अनुविभागीय अधिकारी केशकाल एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की गई है कि केशकाल नाका चौक से कोहकमेटा तक प्रतिदिन सुबह शाम पानी का छिड़काव कर धूल से आमजनता को राहत दिलाया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर अनुभागीय अधिकारी केशकाल एवं लोक निर्माण केशकाल का युवा कांग्रेस द्वारा घेराव किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग, इमरान अडवाणी, राकेश कुंजाम, मेहरोज खत्री, दयानंद कुंजाम, रिंकू कुमार, अतुल कावड़े, प्रियांशु नेताम, कोमल नेताम, सुरेश कोर्राम, दयाशंकर मरकाम, और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लेम्पस धनोरा में प्राधिकृत अधिकारी राम का स्वागत



**धनोरा/केशकाल।** केसकाल ब्लॉक के लेम्पस धनोरा के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेश पर प्राधिकृत अधिकारी सराधू राम ने पदभार ग्रहण किया। ग्राम धनोरा के रमेश यादव संतोष उइके अजय मिश्रा रामेश्वर उसेण्डी गंभीर अतकारी एवं गणमान्य नागरिक, संस्था के प्रबंधक मोतीलाल पांडेय, लेखापाल शंभूलाल उईके उपस्थित थे। प्राधिकृत अधिकारी सराधू राम का भाजपा नेताओं ने जोशीला स्वागत किया। उक्त जानकारी भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने दी।

### रेडक्रॉस जिला शाखा की सामान्य सभा होगी आज

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा की बैठक का आयोजन शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में निधारित किया गया है।

# आरक्षण की घोषणा से नेताओं के चेहरे में छायी मायूसी, समीकरण बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के नगर पालिका परिषद के चुनाव को लेकर वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया आज कलेक्ट्रेट में पूरी कर ली गई है। इस प्रक्रिया ने कई वार्डों में आरक्षण का स्वरूप बदल दिया है। अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और महिला आरक्षण के तहत वार्डों का पुनः निर्धारण किया गया है। जिले के नगरी निकायों के वार्डों के आरक्षण की तस्वीर साफ होने के बाद अब किस्मत के खेल में नई रणनीति तैयार होती दिख रही हैं। ड्रा के माध्यम से वार्ड का आरक्षण किया गया तो किस्मत के इस खेल में कुछ पास हुए तो कई फेल हो गए। जिसकी झलक नेताओं के चेहरे पर साफ नजर आया। नगर पालिका परिषद के पंद्रह वार्ड में से पांच वार्ड महिला के लिए आरक्षित किया गया हैं। आरक्षण की प्रक्रिया विहित अधिकारी तथा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिपिन मांझी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद हेतु आगामी निर्वाचन के लिए बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान नारायणपुर नगरपालिका के सभी 15 वार्डों को आरक्षण तय किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 01 नयापारा में अनुसूचित जनजाति (मुक्त), वार्ड क्रमांक 02 डीएनके में अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 03 तहसील पारा में अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 04 बंगलापारा में अनुसूचित जनजाति (महिला), वार्ड क्रमांक 05 सिंगोड़ीतराई में अनुसूचित जनजाति (मुक्त), वार्ड क्रमांक 06 बाजारपारा में अनारक्षित (मुक्त), वार्ड क्रमांक 07 बखरूपारा में अनारक्षित (मुक्त), वार्ड क्रमांक 08 महावीर मंदिर में अनारक्षित (महिला), वार्ड क्रमांक 09 जगदीश मंदिर में अनारक्षित (मुक्त), वार्ड क्रमांक 10 मुरियापारा में अनुसूचित जाति (मुक्त), वार्ड क्रमांक 11 आश्रम में अनुसूचित जनजाति (महिला), वार्ड क्रमांक 12 माड़निदेवी में अनारक्षित (मुक्त), वार्ड क्रमांक 13 कुम्हारपारा में अनुसूचित जनजाति (मुक्त), वार्ड क्रमांक 14 साकड़ीबेड़ा में अनुसूचित जनजाति (मुक्त) और वार्ड क्रमांक 15 डुमरतराई में अनुसूचित जनजाति (मुक्त) आरक्षण निर्धारित किया गया है।

**नारायणपुर नगरपालिका के वार्डों का किया गया आरक्षण**




15 वार्डों वाली नगरपालिका में 5वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

**जयंती : गुरुघासीदास का संदेश किसी जाति या धर्म तक सीमित नहीं है**

# चिखलपुटी में हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





जिला मुख्यालय से सटे ग्राम चिखलपुटी में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोंडागाँव की विधायक सुश्री लता उसेंडी शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, जनपद उपाध्यक्ष लक्ष्मी ध्रुव, चिखलपुटी सरपंच विजय सोढ़ी, जैनेन्द्र ठाकुर, दयाशंकर दीवान और मनीष साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुगद्दी पूजा–अर्चना और जैतखाम में आरती व ध्वजारोहण के साथ हुई। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने गुरुघासीदास बाबाजी के जीवन और उनके मानवता के संदेश पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुघासीदास का संदेश किसी जाति या धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे मानव समाज के लिए है। उन्होंने समाज के लोगों को चिखलपुटी में सतनामी समाज की भूमि पर बाउंड्रीवॉल और नए जैतखाम निर्माण की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में इसका भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। समापन के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

**इनका रहा सहयोगः** आयोजन को सफल बनाने में भगतराम सोनवानी, तुलाराम सोनवानी, डिकेश मिर्झा, देवानंद सोनवानी, जहर लाल आडिल, पंच कुमार सोनवानी, लक्ष्मीनाथ सोनवानी, अनिरुद्ध लहरे, मोतीलाल कुर्रे, पालेश्वर सोनवानी, लोकनाथ टण्डन, महेंद्र लहरे, सुरेंद्र बघेल, भुवन मार्कण्डेय, विनोद टण्डन, तुलसी डहरिया, चौबन सोनवानी, संत कुमार सोनवानी, अनुरचंद लहरे, बीरेंद्र टण्डन, देवेंद्र, राहुल, धर्मेंद्र, नंदलाल, कमलेश आडिल, विनायराज समेत अन्य युवाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

# गुरु घासीदास ने दिया मनखे मनखे एक समान का संदेश






**कोण्डागांव।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर, सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल थीम पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, दीपेश अरोरा और सामाजिक कार्यकर्ता लखमू टंडन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने गुरु घासीदास की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। समाज में व्याप्त विषमता को दूर करने पर जोर दिया। उनके नशा मुक्ति के संदेश के अनुरूप जिले में भी नशा मुक्ति के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानव समाज को समानता का संदेश दिया। हमें गर्व है कि ऐसे महान संत का छत्तीसगढ़ की भूमि में जन्म हुआ जिन्होंने सतनाम का रास्ता दिखाया। कार्यक्रम में दीपेश अरोरा और लखमू राम टंडन ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके द्वारा दिए गए संदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों द्वारा गुरु घासीदास पर आधारित भाषण भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी उपस्थित रहे।

## उठाव न होने से मंगनार खरीदी केंद्र में धान जाम होने के हालात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

■ लगातार पहुंच रहा है धान

विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगनार की लैम्पस सोसाइटी के धान खरीदी केंद्र में बड़ी तेजी से खरीदी की जा रही है, उठाव न होने से जाम के हालात बन रहे हैं। खरीदी केंद्र में धान रखने की जगह की तंगी हो रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान धान बेचने लैम्पस सोसाइटी में पहुंच रहे हैं। यहां अब तक 20 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन खरीदे जा रहे धान का आज तक उठाव अब तक शुरू नही हुआ है। इन दिनों मौसम बड़ा विचित्र हो रहा है, जिसे देखते हुए खरीदी में लगे कर्मचारी और किसान सभी परेशान हैं। लेंपस प्रबंधक मोतीलाल कश्यप ने बताया कि 20 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है और किसान लगातार धान बेचने आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर खरीदी केंद्र प्रभारी फरसू राम मोर ने बताया कि खरीदे जा चुके धान का बिल्कुल भी उठाव नहीं हो रहा है। जाम धान की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। आसमान पर काले बादल छाने लगे हैं, कब पानी गिरने लग जाए कहा नहीं जा सकता।

# पेट्रोल पंप में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



थाना पुलिस ने मस्सुकोकोड़ा पेट्रोल पंप से पैसों से भरे बैग कि चोरी करने वाले चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी और एक विधि से संघर्षरत बालक को निरूद्ध किया है। प्रार्थी राधेश्याम नाग पिता स्व. भागीरथी नाग उम्र 65 वर्ष निवासी केशकाल हर्राफडाव थाना केशकाल के पेट्रोल पंप मस्सुकोकोड़ा के रूम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल, डीजल के बिक्री पैसा नकदी 1 लाख 30 हजार रुपए, 1 नग मोबाइल कीमती 7000 रुपए को 7 दिसंबर की रात 3 बजे चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना फरसगावं में धारा 331(4), 305 (1) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले के गंभीरता व क्षेत्र में चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन पर थाना फरसगांव पुलिस आरोपी की खोजबीन के दौरान मुखबिर लगाते हुये आवश्यक कार्रवाई कर चोरी करने वाले आरोपी पूरन यादव पिता स्व. तुलाराम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी देवड़ा एवं विधि से संघर्षरत एक बालक को पूछताछ करने पर पेट्रोल पंप मस्सुकोकोड़ा के कर्मचारी रूम के अन्दर घुस कर रखे दराज से काला रंग के बैग में रखे 130000 रुपए व 01 नग मोबाइल को चोरी करना स्वीकार किया। उक्त रकम को दोनों आपस में बांटे जिसमें पूरन यादव के द्वारा 80000 रूपये रखा तथा विधि से संघर्षरत बालक 50000 रूपये रखा।

## पेज 9 के शेष

### सेतु निर्माण ने नहीं...

के प्रभारी एसडीओ श्रीनिवास कोरम ने बताया कि पुल निर्माण कार्य में चिन्हित पेड़ों की कटाई के लिए डिमांडनोट का भुगतान किया जाएगा।

### टलनार धान खरीदी...

निर्धारित है। बावजूद धान खरीदी केन्द्र व बारदाना प्रभारी द्वारा किसानों का शोषण करते हुए निर्धारित मात्रा से अधिक धान लिया जा रहा है जिसका किसानों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। आए दिन किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान लिए जाने पर विवाद की स्थिति देखी जा रही है बावजूद जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। हाल गुरुवार को हुए विवाद के बाद देर शाम तक स्थिति नियंत्रण में है। किसान को समझा बुझाकर शांत कर लिया गया है लेकिन धान खरीदी केन्द्र प्रभारी व बारदाना प्रभारी के व्यवहार से कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है।

अब तक की गई खरीदी की जांच की मांग

किसानों ने टलनार धान खरीदी केन्द्र में अब तक किसानों से खरीदी गई धान व दिए गए टोकन के जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने बताया कि धान खरीदी की जांच करने पर काफी अनियमितता सामने आएगी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए जिससे अन्य खरीदी केन्द्रों में भी किसानों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जा सकेगा। किसान डमरूधर, कार्तिक, अजीत आदि का कहना है कि निर्धारित मात्रा से अधिक तौल आम बात है इसकी जांच आवश्यक है।

### युवक कांग्रेस ने...

बाहरी लोगों को प्राथमिकता देने व विनिवेशीकरण के नाम पर नगरनार प्लांट के निजीकरण करने के विरोध युवक कांग्रेस कलेक्टोरेट का घेराव किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी राजीव भवन से लेकर कलेक्टर दफ्तर तक पैदल मार्च करते कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अजय बिसाई ने कहा कि एक साल के कार्यकाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनता बदहाल है। महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। 33000 शिक्षकों की भर्ती में अब तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की पहल नहीं हुई। प्रदेश के सभी बड़े व छोटे औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की जगह बाहरी लोगों को नौकरी देना राज्य सरकार बंद करे। विनिवेशीकरण के नाम पर नगरनार प्लांट का निजीकरण यह सरकार कर रही है। प्रदेश सरकार के कुशासन में छत्तीसगढ़ का प्रत्येक तबका इनके जुल्मों सितम का शिकार है।

# बंधा तालाब का पुनर्विकास करने विधायक लता ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने बुधवार को जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब के मरम्मत एवं पुनर्विकास के लिए कुल 1 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया। जिला निर्माण समिति के माध्यम से बंधा तालाब का मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य लागत 34.48 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य सिविल कार्य लागत 46.99 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य विद्युतीकरण कार्य लागत 47.96 लाख रुपए और मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य विद्युतीकरण कार्य लागत 49.87 लाख रुपए शामिल है। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि जिला बनने के बाद हमारी सरकार ने कोण्डागांव में विकास के नए आयाम स्थापित किया है। आने वाले समय में बेहतर व्यवस्था हो और विकास होगा। कोंडागांव शहर शिल्प कला के कारण विख्यात है और विश्व में एक अलग ही पहचान है। उन्होंने बताया कि बस्तर आर्ट और अन्य सांस्कृतिक केंद्रों को विकसित कर कोण्डागांव को पर्यटन हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। कलेक्टर दुदावत ने कहा कि कुल 1 करोड़ 79 लाख रुपए से बंधा तालाब को पूर्ण विकसित किया जाएगा। विशेष तौर पर बच्चों और बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि बंधा तालाब को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस पुनर्विकास से न केवल बंधा तालाब का स्वरूप बदलेगा, बल्कि यह नगर के सौंदर्य और सुविधाओं में भी अभूतपूर्व वृद्धि करेगा, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को लाभ मिलेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, पार्षद सतीश सोनी, सोनमनी पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, अंकुश जैन, जिला पंचायत सदस्य बाल सिंह बघेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ ने बरामद किया 5-5 किलो के 5 बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सीरियल ब्लास्ट की साजिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए 5-5 किलो के 5 बम बरामद कर मौके पर निष्क्रिय कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। जानकारी के मुताबिक जवानों के वाहनों को निशाना बनाने नक्सलियों ने सड़क पर प्रेशर आईईडी बिछा रखा था। नक्सलियों ने सीरियल बारूदी सुरंग मुडवेंदी सीआरपीएफ कैम्प के पास सड़क पर बिछाया था। इलाके की सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ 199 बटालियन के जवानों ने बारूदी सुरंग को खोजकर बम को सड़क पर ही ब्लास्ट कर निष्क्रिय कर दिया है। नक्सलियों ने जवानों को व उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाने सड़क पर 5-5 किलोग्राम के 5 बम प्लांट किया था जिसे जवानों कि सक्रियता के चलते बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है। बम बरामद होने के बाद सीआरपीएफ की बम डिस्पोजल स्कवॉड ने सभी बमों को मौके पर ही ब्लास्ट कर निष्क्रिय कर दिया जिससे एक बार फिर नक्सलियों के नाकाम मंसूबों पर पानी फिर गया।

*गंभीर स्थिति में लाया गया था डिमरापाल मेडिकल कॉलेज*

# किसान ने किया कीटनाशक का सेवन, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बीजापुर के जांगला थाना क्षेत्र के केतनपाल का मामला

खेत से काम करने के बाद घर आकर किसान ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। तत्काल उसे जिला अस्पताल बीजापुर ले जाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेकाज रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम केतनपाल में रहने वाले किसान ने काम से लौटने के बाद जहर खा लिया। उसे इलाज के लिए मेकाज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किसान की मौत से जहां 10 माह के बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया वहीं दूसरी ओर आश्रित परिवार के अन्य सदस्य भी घर के मुखिया की मौत से सदमे में है।

डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में मौजूद मृतक किसान के परिजनों ने बताया कि केतनपाल निवासी रमेश पिता सुधराम 16 दिसंबर को खेत में काम करने के बाद अपने घर आया। घर में रखी कीटनाशक दवाई खाने के बाद वह सो गया। जब परिजन पहुंचे तो देखा कि रमेश जमीन पर पड़ा हुआ था और उसके मुंह से झाग भी निकल रहा था।

परिजन बिना देर किए रमेश को उपचार के लिए बीजापुर जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान 19 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप कर मामले की जांच कर रही है।

**खबर संक्षेप**

### शिशु मंदिर में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। भैया बहनों द्वारा गुरु घासीदास के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। भैया बहनों ने गुरु घासीदास की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसंबर 1756 को गिरोधपुरी नामक ग्राम वर्तमान के जिला बलौदाबाजार में हुआ। माता अमरावतीन बाई पिता महगू दास थे उनके पाच संतान थे। सतनाम का प्रवर्तक आपको माना जाता है। अस्पृश्यता की भावना, बलिप्रथा, मांसाहार का सेवन करना अधर्म के रास्ते में चलना इन सबको पाप समझते थे और समाज में सत्य के मार्ग पर चलना और समाज को समन्वय समरसता सामंजस्य जैसे भावना से जोड़ना अपना जीवन का उद्देश्य समझते थे। मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य किये इसलिए आज हम सब याद करते हैं उनके जीवन चरित्र उनके दिए गए संदेश को हम सब अपने जीवन में उतारे तब हमारा समाज और देश सुख शांति समृद्धि को प्राप्त कर परम वैभव को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अन्त मे गुरु घासीदास की आरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया सभी ने गुरु घासीदास बाबा का जयकारा लगाया।

### बिहान दीदियों ने बनाई सुशासन रंगोली



**जगदलपुर।** जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत करंन्दोला में सरकार के एक वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य में बिहान दीदियों के द्वारा सुशासन का संकल्प चक्र एवं सुशासन शपथ, सुशासन रंगोली का आयोजन किया गया।

जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने वर वधुओं को दिया आर्शीवाद

# मेंढका डोबरा मंदिर में 220 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मेंढका डोबरा मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिलेभर के 220 वर वधु परिणय सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं

- निर्धन परिवारों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है सरकार
- नव दंपतियों के बैंक खातों में होगा 35 हजार का अन्तरण





अधिकारियों ने नव दंपतियों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर निर्धन परिवारों को विकास की ओर अग्रसर होने का अवसर मिल रहा है। जिले के दूरस्थ क्षेत्र में यह सामूहिक कन्या विवाह में आज 220 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन में कदम रख रहे हैं। यह सब राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से फलीभूत हुआ है, जो सरकार की गरीब परिवारों की सेवा करने की कटिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी भी बधाई के पात्र है जिन्होंने विभिन्न ग्रामों पारा, टोले, मोहल्लों से विवाह योग्य युवक युवतियों का पंजीयन कर सामूहिक विवाह से लाभान्वित किया।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार एवं सप्तपदी के पावन वचनों को अंगीकार करने वाले जोड़ों में से दो जोड़े नियद नेल्लानार ग्राम धुरली के निवासी थे। इनमें सुश्री सीमा भास्कर एवं सुदरी तेलाम भी शामिल थी। सीमा 10वीं पास है और नगर पालिका परिषद बड़े बचेली (झाड़ु लगाने का काम) सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है सीमा का विवाह रेमष भास्कर के साथ हुआ जो कृषक है इसी प्रकार सुंदरी तेलाम कामगार श्रमिक है। और सुंदरी और धन्नु कुंजाम कामगार श्रमिक है। दोनों नव विवाहितों में शासन की इस योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे निर्धन वर्गों के लिए उपयोगी बताया जो विवाह के भारी खर्चे से निम्न वर्गीय परिवारों को चिंता मुक्त करती है।

उल्लेखनीय है कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में तीन जोड़े ईसाई धर्म से संबंधित थे। जिनका उनके धर्म अनुरूप परम्परा से विवाह संपन्न हुआ। विवाह योजनान्तर्गत सभी नव वर वधुओं के बैंक खाते में 35 हजार रुपये की राशि का अंतरण भी किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहित जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, महिला बाल विकास अधिकारी वरुण नागेश एवं राजेश टंडन सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषक संगोष्ठी में योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग द्वारा जिले के सातों विकासखंडों के ग्राम पंचायतों यथा नगरनार, जमावाड़ा, कवाली कला, नियनार, रोतमा, मावलीगुड़ा , फाफनी चारगांव, बकावंड, चोकनार, छापर भानपुरी, मारेंगा, बड़ाजी आदि ग्राम पंचायतों के साथ अब तक 28 कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है और विभिन्न पंचायतों में भी संगोष्ठियां प्रस्तावित है। किसान संगोष्ठियों में उपस्थिति किसानों को राज्य शासन के द्वारा विगत एक वर्ष में कृषि विभाग की द्वारा कृषक कल्याण के लिए किए कार्यों की जानकारी के साथ साथ कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसानों का सम्मान कर उनके द्वारा योजना के बारे में अनुभव साझा किया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है इसके अलावा सर्वे में चिन्हित पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का नवीन पंजीयन, केसीसी व फसल प्रदर्शन हेतु बीज वितरण कर अधिक से अधिक किसानों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने का प्रयास आयोजित संगोष्ठीयो में किया जा रहा है।

## आंबेडकर वाले बयान पर कांग्रेस ने मांगा केंद्रीय गृहमंत्री का इस्तीफा, फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए कथित बयान से क्षुब्ध होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जनहित में गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। इस दौरान पुतला दहन को लेकर पुलिस के साथ उनकी छीना झपटी भी हुई। इसके बाद भी उन्होंने अमित शाह का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने में पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, शेख सज्जार, राजेश नारा, मुकेश कश्यप, रिंकू दस, कवासी कोसा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने कहा कि बाबा साहब का अपमान, नहीं सहेंगे। हमारे देश के नेता जिन्होंने देश को आजादी दिलाई और संविधान दिया, उन्हें पीछे कर दिया गया है। वो पूरे देश के, संविधान के संरक्षक हैं। यदि उनका अपमान होगा तो हम सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। हमारी मांग है कि अमित शाह सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष शेख सज्जार ने कहा कि ये भाजपा और आरएसएस की घृणित मानसिकता को दर्शाता है। पूरे देश में बाबा साहब के मानने वालों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर का अपमान मतलब संविधान और पूरे भारत का अपमान है जिसको संविधान में विश्वाश रखने वाले लोग बर्दास्त नहीं करेंगे। उन्होंने अमित शाह से पूरे भारत के लोगों से माफी मांगने की अपील की है नहीं तो सड़क से सदन तक आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## शिविर में 385 ग्रामीणों ने विभिन्न बीमारियों का करवाया उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सरकार गठन होने के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन महारानी अस्पताल के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में किया गया। बताया गया कि शिविर का उद्देश्य सभी लक्षण जनसंख्या की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचकर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच करवाया। उक्त शिविर में कुष्ठ जांच, क्षय रोग जांच, मोतियाबिंद, मलेरिया जांच, ब्लड ग्रुप,बीपी, शुगर आदि जांच किया गया। महारानी अस्पताल के तत्वाधान में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जहां भाजपा युवा मोर्चा के दो सदस्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया। शिविर में 385 लोगों ने जांच करवा कर निशुल्क दवाई ली गई। शिविर में बड़ी संख्या में बस्तर ब्लॉक के मितानिन भी पहुंचे थे। इस दौरान बीएमओ डॉ. पीएन शांडिल्य, बीईटीओ आरसी जोशी, बीपीएम राजेंद्र कुमार बघेल, पैथोलॉजिस्ट डॉ राकेश रात्रे, सीएचसी बस्तर से डॉ. आनंद चंदेल, डॉ अमित चौहान एवं चिरायु विभाग सहित, सीएचओ, सभी सुपरवाइजर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आसिफ को आत्मीय विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला पुलिस द्वारा ताजुद्दीन आसिफ, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का पदोन्नति एवं स्थानांतरण उपरांत कार्यभार मुक्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह में ताजुद्दीन आसिफ की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंखाजुर, कांकेर छ.ग. में पदोन्नति होने हेतु जिला कलेक्टर संबित मिश्रा , पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मंयक गुरजर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवरना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. युलैण्ड यार्क, उप पुलिस अधीक्षक शरद कुमार जायसवाल एवं उपस्थिति अन्य अधिकारीगण द्वारा बीजापुर में अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद उनके कार्यकाल के दौरान उनके महत्वपूर्ण उत्कृष्ट योगदान हेतु शुभकामनाएं और जिला बीजापुर से कार्यभार समाप्त कर पंखाजुर जाने हेतु भावनात्मक विदाई दिया गया।

## नशे की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला

- बाल संरक्षण इकाई में बाल अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम



बाल संरक्षण इकाई द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर महिलाओ को लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम 2012 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं और नशे की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाने के लिए नशा मुक्ती से संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विभागीय योजना से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आंगनबाडी स्तर पर कुर्सी दौड का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं को बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने शपथ भी दिलाया जा रहा है शपथ के माध्यम से स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है इसके निवारण के लिए सभी ने मिलकर प्रयास करने का प्रतिज्ञा लिया इस दौरान बच्चों के संरक्षण संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और स्पांसर शिप योजना की जानकारी भी दिया जा रहा है।

बाल विवाह सहयोग करने पर 2 वर्ष की सजा- 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्मना जो कि 1 लाख तक का हो सकता है। अथवा दोनो से दंडित किया जा सकता है कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता या करता है अथवा उसमे सहायता करता तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्मना जो कि 1 लाख तक का हो सकता है। अथवा दोनो से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है बाल विवाह में सम्मलित होता है वह भी दंडित होगा।

## नगरीय निकायों के निर्वाचन वार्डों की आरक्षण सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में दंतेवाड़ा जिले के नगरीय निकायों के लिए निर्वाचन 2024-25 के तहत वार्डों की सूची जारी कर दी गई हैं यह सूची कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के द्वारा जारी की गई है। इसमें दंतेवाड़ा, किरंदुल, बड़े बचेली, गीदम,और बारसूर के विभिन्न वार्डों के लिए अनुसूचित जाति(अ.जा.), अनुसूचित जनजाति(अ.ज.जा), अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि. वर्ग) और अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया है। इसमें नगरपालिका परिषद किरन्दुल 18 वार्डों में महिला और मुक्त आरक्षण की स्थिति का निर्धारण के तहत सुभाषचंद्र बोस वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), शहीद भगत सिंह वार्ड अ.पि.व. (महिला), खुदीराम बोस वार्ड अ.ज.जा (महिला), डा. भीमराव अम्बेडकर वार्ड अ.जा. (मुक्त), रामप्रसाद बिस्मिल वार्ड अ.जा. (महिला), डा. राजेन्द्र प्रसाद अनारक्षित (मुक्त), चन्द्रशेखर आजाद वार्ड अनारक्षित (महिला), राजीव गांधी वार्ड अनारक्षित (मुक्त), प्रियदर्षिनी इंदिरा गांधी अनारक्षित (महिला), रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), डा. राम मनोहर लोहिया वार्ड अ.जा.(मुक्त), स्वामी विवेकानंद वार्ड अनारक्षित (महिला), पं. जवाहर लाल नहेरू वार्ड अनारक्षित (मुक्त), सरदार वल्लभ भाई पटेल अ.पि.व.(मुक्त), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनारक्षित (मुक्त), महात्मा गांधी वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), डा. राधाकृष्णन वार्ड अनारक्षित (मुक्त), ईश्वरचन्द विद्यासागर वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), किया गया है।

नगरपालिका परिषद बड़े बचेली 18 वार्डों में अ.ज.जा, अ.जा, अ.पि.व. और अनारक्षित श्रेणियों के लिए आरक्षण है। सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), जय बजरंग वार्ड अनारक्षित (मुक्त), डॉ. अम्बेडकर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), सुभाष चन्द्र बोस वार्ड अ.ज.जा (महिला), महात्मा गांधी वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), वीरागंना दुर्गावती वार्ड अनारक्षित (मुक्त), शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड अ.जा.(महिला), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अ.पि.व.(मुक्त), स्वामी विवेकानन्द वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), श्री रामनगर वार्ड अनारक्षित (महिला), महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड अनारक्षित (मुक्त), डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड अनारक्षित (महिला), चन्द्रशेखर आजाद वार्ड अनारक्षित (मुक्त), लोकमान्य तिलक वार्ड अ.ज.जा (महिला), सरदार भगत सिंह वार्ड अनारक्षित (मुक्त), गोपाल कृष्ण गोखले वार्ड अ.जा.(मुक्त), महादेव वार्ड अ.जा. (मुक्त), नेहरू वार्ड अनारक्षित (महिला), है।

इस क्रम में नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग श्रेणी है, डॉ. अम्बेडकर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), महात्मा गांधी वार्ड अ.ज.जा (महिला), राजीव नगर वार्ड अ.जा.(मुक्त), पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड अनारक्षित (महिला), माता दन्तेश्वरी वार्ड अनारक्षित (महिला), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अ.ज.जा (महिला), सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड अ.ज.जा.(मुक्त), चंद्रशेखर आजाद वार्ड अ.ज.जा. (मुक्त), नयापारा वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), सुभाषचंद्र बोस वार्ड अनारक्षित (मुक्त), सिविल लाईन वार्ड अ.ज.जा (मुक्त), इंदिरा वार्ड अनारक्षित (मुक्त), सरदार भगत सिह वार्ड अनारक्षित (मुक्त), संजय नगर वार्ड अनारक्षित (महिला), राजेन्द्र नगर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), है।

इसके अलावा नगर पचायत गीदम में 15 वार्ड आरक्षण अ.ज.जा, अ. पि.व, आरक्षित वर्ग के लिए है, डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर वार्ड अ.ज.जा. (एसटी) (महिला), महात्मा गांधी नगर वार्ड अ.जा. (एससी) मुक्त, इंद्रागांधी नगर वार्ड अना. (सामान्य) (महिला), महावीर नगर वार्ड अना. (सामान्य) (मुक्त), मिनी माता नगर वार्ड अना. (सामान्य) (मुक्त), लाल बहादूर शास्त्री नगर वार्ड अ.पि.व. (ओबीसी ) (मुक्त), सुभाषचंद बोस नगर वार्ड अना. (सामान्य) (महिला), डॉ. अम्बेडकर नगर वार्ड अ.पि.व. (ओबीसी ) (मुक्त), महाराणा प्रताप नगर वार्ड अना. (सामान्य) (मुक्त) ,शिवाजी नगर वार्डअना. (सामान्य) (महिला), वीर नारायण सिंह नगर वार्ड अ.पि.व. (ओबीसी ) (महिला), गायत्री मंदिर नगर वार्ड अना. (सामान्य) (मुक्त), शिवमंदिर नगर वार्ड अना. (सामान्य) (मुक्त), कड़ती पारा नगर वार्ड अ.ज.जा. (एसटी) (मुक्त), शितला माता मंदिर नगर वार्ड अ.ज.जा. (एसटी) (मुक्त), है।

इस क्रम में नगर पंचायत बारसूर में 15 वार्ड में विभिन्न वर्गो के लिए आरक्षण किया गया है, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड अनुसूचित जनजाति (महिला), शिवाजी वार्ड अनारक्षित (महिला), माता दन्तेश्वरी वार्ड अनारक्षित (मुक्त), अटल वार्ड अनुसूचित जनजाति (महिला), आजाद चन्द्रशेखर वार्ड अनुसूचित जनजाति (महिला), महाराणा प्रताप वार्ड अनारक्षित (मुक्त), स्वामी विवेकानन्द वार्ड अनारक्षित (मुक्त), भगत सिंह वार्ड अनारक्षित (मुक्त), गणेश मंदिर वार्ड अनुसूचित जनजाति (मुक्त), महात्मा गाँधी वार्ड अनुसूचित जनजाति (मुक्त), जवाहर लाल नेहरू वार्ड अनुसूचित जनजाति (मुक्त), दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अनारक्षित (मुक्त), डॉ. अम्बेडकर वार्ड अनारक्षित (महिला), शहीद गैदसिंह वार्ड अनुसूचित जनजाति (मुक्त), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनुसूचित जनजाति (मुक्त), है। इस मौके पर बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अपर कलेक्टर राजेष पात्रे, सहित नगर निकाय के सीएमओ मौजूद थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आरक्षण के बाद नगर सरकार का द्वार खुला

**सुकमा।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डों के आरक्षण प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर पालिका सुकमा में परिसीमन के बाद नए सिरे से आरक्षण किया गया। सुकमा नगर पालिका के 15 वार्डों के लिए आरक्षण प्रक्रिया शुरू हुई। नगर पालिका सुकमा के 15 वार्डों में 5 वार्ड अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के लिए 1 वार्ड और पिछड़ा वर्ड के लिए 1 वार्ड आरक्षित किया गया है।

वार्ड अनुसार आरक्षण की स्थिति इस प्रकार है जिसमें वार्ड क्रमांक 1 अजा, वार्ड क्रमांक 2 सामान्य, वार्ड क्रमांक 3 अजजा महिला, वार्ड क्रमांक 4 सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक 5 सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक 6 सामान्य महिला, वार्ड क्रमांक 7 अजजा, वार्ड क्रमांक 8 अजजा, वार्ड क्रमांक 9 सामान्य महिला, वार्ड क्रमांक 10 सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक 11 सामान्य मुक्त, वार्ड क्रमांक 12 पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्रमांक 13 सामान्य महिला, वार्ड क्रमांक 14 अजजा महिला तथा वार्ड क्रमांक 15 अजजा। वहीं जिले के दोरनापाल नगर पंचायत के लिए भी आरक्षण की कार्रवाई हुई।

### नीलम बनी संघ की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष



**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन संभाग मुख्यालय जगदलपुर के चित्रांश भवन में शनिवार को बस्तर संभाग के समस्त जिला के जिला अध्यक्ष एवं सैकड़ों पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जगदलपुर में कार्यरत प्रधान अध्यापिका श्रीमती नीलम मिश्रा को संघ की महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में ही संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। इस दौरान संघ की श्रीमती आशादान, हेमलता नायक, पूर्णिमा देहारी, बलवीर देवांगन, पदमा नायडू, परवीन महतो, भारती गिरी, दीपा मांझी, मीनाक्षी पाणिग्राही मौजूद थी।

### प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का माना आभार

# नई विमान सेवा से शहरों के बीच की दूरी होगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार

- रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा छत्तीसगढ़ की एक और ऊंची उड़ान : देव



व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा कि सरगुजा को हवाई यात्रा सेवा से जोड़ने की मांग एक लम्बे अरसे से की जा रही थी, जिसे प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। यह छत्तीसगढ़ की एक और ऊँची उड़ान है और अम्बिकापुर समेत सरगुजा संभाग के आधा दर्जन जिलो इस हवाई यात्रा सुविधा से लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत गुरुवार को राजधानी के स्वामी विवेकानंद विमानतल में रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह नई विमान सेवा न केवल इन शहरों के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगी, साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। उन्होंने बताया कि अम्बिकापुर को रायपुर के अतिरिक्त वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली एवं कोलकाता से जोड़ने का प्रयास जारी है। इन सेवाओं के विस्तार से इस क्षेत्र के विकास को और तेज़ी से बढ़ाने में सफलता मिलेगी। इस नई विमान सेवा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार मानते हुए श्री देव ने समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि अंबिकापुर छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरपूर्वी क्षेत्र का प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक सम्पदा से सम्पन्न एक महत्वपूर्ण शहर है। प्रधानमंत्री मोदी की "सबका साथ सबका विकास" परिकल्पना के अंतर्गत राज्य शासन ने अंबिकापुर के विकास में 79.9 करोड़ व्यय किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर को थ्री सी वी एफ़ आर कैटिगरी में लाइसेंस 15 मार्च 2024 को प्राप्त हो गया था। यह एयरपोर्ट 72 सीटर एटीआर सेवेंटी टू श्रेणी के विमानों के लिए उपयुक्त है। वर्तमान में केंद्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत अंबिकापुर को रायपुर एवं बिलासपुर से जोड़ा जा रहा है। फ़्लाइ बिग चार्टर कंपनी आर सी एस स्कीम के अंतर्गत 19 सीटर विमान ट्विन औटर के द्वारा अंबिकापुर को रायपुर एवं बिलासपुर शहरों से जोड़ेगी। विदित रहे, राजधानी के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ सरगुजा के भाजपा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा 18 दिसंबर को समुन्द चौक स्थित माता मंदिर परिसर के देव सराय भवन में बस्तर के प्रतिभाओ सम्मान वृहद सम्मान

- छग पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का वार्षिक सम्मेलन

समारोह तथा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर सफिरा साहू, अध्यक्षता जिपं उपाध्यक्ष तथा शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनीराम कश्यप, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री धरमपाल सैनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व पर्वरारोही नैना धाकड़ रहे। महापौर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा जाति विशेष वर्ग के अलावा बस्तर जिले के समग्र समाज के प्रतिभाओ का सम्मान किया गया जो कि काबिले तारीफ है। पद्मश्री धरमपाल सैनी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान इसलिए किया जा रहा जा रहा है ताकि वे प्रोत्साहित होकर समाज विकास के लिए और बेहतर कर सके। बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उनके कौशल के निखार के लिए उचित सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन लीलेश देवांगन और आभार प्रदर्शन नीलमणी साहू ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी,राजेश गुप्ता, नीलमणी साहू, मनीष अहीर,राजेश देशमुख, ओमप्रकाश पटेल, पारस यदु, अजय शर्मा, उग्रसेन यादव, डीएन साहू, शैलेन्द्र साहू, देवराज पटेल, सुखीराम यादव, आनंद साहू, हेमचंद सेठिया, भूमिका निषाद, बी पोद्दार, उमा चौरिया, कंचन विश्वकर्मा, सीमा कठाने, दमयंती देवांगन, सरिता यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सम्मानित होने वाले बोर्ड परीक्षा के मेधावियों में विखं बकावंड से लाल कृष्ण देवांगन, कु. रैबारी, विखं बस्तर से रौनक विश्वकर्मा, बनमाली, विखं बस्तानार से मनोज यादव, पिंटू कुम्हार, कु. मनीषा सोढ़ी, विखं जगदलपुर से टोमेंश साहू, पुष्पा यादव, विखं दरभा से तेजस्विनी ठाकुर, कौशल, संजू, विखं लोहंडीगुड़ा से मनीष दिवान, जागृति सेठी, मानसी नाग, विखं तोकापाल, कु. तिशा ठाकुर, सूरज कश्यप, तुलेश्वर का सम्मान किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण प्राप्त शिक्षक उपासना देवांगन, डोमेंद्र गंगबेर, सितेंद्र कुमार, गोमती प्रसाद साहू, उमाशंकर साहू, निशा साहू, सुनीता वर्मा, मनीष अहीर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोअकबर खान एवं मीरा हिरवानी को सम्मानित किया गया। नीट क्वालीफाई कर एमबीबीएस में प्रवेश पाने वाले प्रणय कलिहारी व बस्तर जिले के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी युवराज सिंह सहित सीजी पीएससी में सफल प्रतिभागी मुन्ना कश्यप और उदयभान सिंह ठाकुर का सम्मान किया गया। सभी का प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

# नारायणपुर की बुनियादी समस्याओं को लेकर जनता कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ नारायणपुर जिला पहुंची जहां उन्होंने ग्रामीणों के समस्याओं को दूर करने की मांग की और इसे लेकर 13 सूत्रीय ज्ञापन, राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा।

मांगों में नारायणपुर से लेकर ओरछा तक सड़क निर्माण नारायणपुर से कोंडागांव गांव तक की सड़क का पुनर्निर्माण, नारायणपुर से अंतागढ़ तक की सड़क का पुनर्निर्माण, किसानों को धान समर्थन मूल्य राशि एवं एकबार में 1300 भाजपा ने प्रतिवर्ष प्रति क्विंटल 100 बढ़ाने की घोषणा की थी अतः उसे बढ़ाकर किसानों की राशि देने की मांग, राव घाट खदान में स्थाई लोगों की भर्ती प्लांट द्वारा स्कूलों का संचालन नारायणपुर जिले में करने जिले में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोलने की मांग वर्षों से रह रहा है। नागरिकों को पट्टा देने की मांग स्वच्छ पानी नगर पालिका के अंतर्गत खराब सीसी सड़कों का पुनर्निर्माण करने की मांग नगर पालिका नारायणपुर क्षेत्र के नालियों का सफाई प्रति सप्ताह करने पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून के तहत क्षेत्र में होने वाले कार्यों के पहले ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में अनुमति लेने मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान टांकेश्वर भारद्वाज, सौरभ झा, बलिराम कचलाम, नरेंद्र देवांगन, भारत कौशिक, गिल्लू कमेटी, लक्ष्मण सोरी, सुनील करगंगा, रामे पटेल, सुभाष पटेल, सोनाधार पटेल, अनुसूईया नेताम, डोमनी समेत कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मिलकर बस्तर के अनेको विषयो से उन्हें अवगत कराया हैं। बस्तर के अनेक मुद्दों को दिल्ली तक पहुंचाकर उस मुद्दे पर कार्य करने हेतु केंद्र सरकार को आग्रह किया है जिस पर लगातार केंद्र की सरकार इस ओर कार्य करती नजर आ रही है। उन्होंने बस्तर संभाग के सुदूर क्षेत्र बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, दन्तेवाड़ा जिलों में चली आ रही मोबाईल नेटवर्क की समस्या से उन्हें अवगत कराया है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौपकर शीघ्र ही इन सभी जनहित समस्याओं का निराकरण करने हेतु आग्रह किया है।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री को सौपे पत्र में निम्न मांगो का उल्लेख किया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा क्षेत्र देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । क्षेत्र में पूर्व एक ही जिला बस्तर था लेकिन अब दतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव, नरायणपुर एवं बीजापुर जिलों का निर्माण किया गया है । इन जिलों के डाकघर का उन्नयन कर स्टाफ एवं सुविधाओं का विस्तार किया जावे।

डाक विभाग में की जा रही भर्तियों में स्थानीय लोगों की एवं स्थानीय जनजातियों की अनदेखी की जा रही है। राज्य के लोगों का चयन बस्तर संभाग में किया जा रहा है, देखने में आया है कि नियुक्ति के कुछ समय बाद ही यह अपना स्थानानंरण करा लेते हैं। भर्तियों में स्थानीय लोगों को प्रथमिकता प्रदान की जावे। नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा मोबाईल नेटवर्क की समस्या है । इन जिले के ग्रामों को मोबाईल कनेक्टविटी से जोड़ने के लिए मोबाईल टावरों की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।बस्तर सांसद के माँगो को पूरा करने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिया है।

# भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका अमित शाह का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव भवन के समक्ष बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर विवादित टिप्पणी के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का किया पुतला दहन किया गया।

मौर्य ने कहा गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा सदन में बाबा साहेब अम्बेडकर पर उपहासास्पद टिप्पणी किए जाने के खिलाफ पुतला दहन किया गया। मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान के महत्व को नहीं मानने वाले लोग समझ भी नहीं सकते हैं। उन्होंने वंचित-शोषित और समाज के आवाज देने का काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सभा में उपहासास्पद और अपमानजनक तरीके से कहा था कि अम्बेडकर का नाम लेना आजकल फैशन बन गया है इतना नाम भगवान का नाम लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिल जाता, संविधान विरोधी संघियों को यह पता होना चाहिए कि देश के नब्बे फीसदी आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जो सम्मान के साथ संवैधानिक अधिकार मिले हैं उसमें बाबा साहेब के महत्वपूर्ण योगदान है।

इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, नरेंद्र तिवारी, विक्रम सिंह डांगी, अनीता पोयाम, सूरज कश्यप, अजय बिसाई, विशाल खंबारी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, पार्षद कोमल सेना, ललिता राव, कमलेश पाठक, सुषमा सुता, आभाष महंती समेत अन्य मौजूद थे।

# समुदाय के अधिकार व चुनौती पर वर्कशॉप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उच्चतम न्यायालय द्वारा सुप्रियो सुप्रिया चक्रवर्ती विरुद्ध भारत संघ डब्ल्यूपी 1011/22 में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार तथा ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन राईट एक्ट 2019 के अन्तर्गत समुदाय के अधिकार एवं चुनौती के संबंध में 18 दिसंबर को कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में व्यवहार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा ट्रांसजेंडर एक्ट 2019 के संबंध में समुदाय के अधिकार एवं चुनौती के संबंध में बताया गया कि समुदाय के लोगों के संबंध में बताया गया कि उन्हें सम्मान और समानता हर व्यक्ति का अधिकार है। किसी की पहचान या लैंगिकता के आधार पर भेदभाव मानवता के खिलाफ है। बिना भेदभाव के उनके अधिकारों को दिलाने तथा उनके दैनिक दिनचर्या में आने वाली चुनौतियों के संबंध में विस्तार से बताते हुए उनके लिए शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के दायित्वों को अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि न्याय दृष्टांत सुप्रियो सुप्रिया चक्रवर्ती विरुद्ध भारत संघ डब्ल्यूपी 1011/22 में पारित आदेशों के अनुपालन किए जाने के लिए शामिल विभागों के अधिकारियों, प्रतिनिधियों को निर्देशित भी किया गया।




# सिंधी प्रीमियर लीग सीजन में 2 में कृष्ण दास टाइटंस बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूज्य सिंधी पंचायत के मार्गदर्शन में सिंधी प्रीमियर लीग कोर कमेटी द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग सीजन 2 रात्रिकालीन टेनिस बॉल का फाइनल मैच बुधवार को कृष्ण दास टाइटंस विरुद्ध संत हिरदाराम किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें टीम कृष्ण दास टाइटंस विजय रही टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम संत हिरदाराम किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज निकेत नागवानी जल्दी आउट हो गए। प्रेम वसानी ने 35 रन की पारी खेली और टीम 12 ओवर में 7 विकेट गंवाकर सिर्फ 81 रन ही बने। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम कृष्ण दास टाइटंस के कप्तान आतिश रामचंदानी भी जल्दी आउट हो गए, पर पंकज केवलरमानी और विजय भोजवानी की अच्छी पारी के बदौलत टीम ने 2 ओवर पूर्व ही लक्ष्य को हासिल कर दिया। विजेता टीम कृष्ण दास टाइटंस को 41000 एवं उपविजेता संत हिरदाराम किंग्स को 21000 रुपए की राशि प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज निकेत नागवानी बने।

# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए एकता बहुत जरूरी : ताटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण तब तक संभव नहीं होगा जब तक सारे पेंशनर अपने मतभेद भुलाकर एकता का परिचय न दें। उक्त विचार भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री रामनारायण ताटी के जो कि उन्होंने पेंशनर्स डे के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कही।

ताटी ने कहा छत्तीसगढ़ में पेंशनरों का संगठन कई धड़ों में बंटा हुआ है जिसके कारण सरकार पर जरूरी दबाव नहीं बन रहा है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ पेंशनरों की आवाज समय समय पर जरूर बुलंद करता रहा है किंतु अब तक पेंशनरों की जो ज्वलंत मुद्दे हैं उनके निराकरण में कामयाबी नहीं मिल सकी है। मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) भी पेंशनरों के महंगाई राहत के मार्ग में एक बहुत बड़ा रोड़ा हैं। इस धारा को जब तक विलोपित नही किया जाएगा तब तक भारतीय राज्य पेंशनर्स महा संघ शांत नहीं बैठेगा।

### मांझीगुड़ा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में 227 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएल दरियो के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के ग्राम मांझीगुड़ा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी 65, शुगर 65, सिकलीन जांच 42 जिसमें 7 पॉजिटिव, हीमोग्लोबिन 46, मलेरिया एक, दंत रोग 65, नेत्र जांच 90 एवं चश्मा वितरण 82, टीबी, कुष्ठ की जांच के साथ उपचार भी किया गया। शिविर स्थल पर 7 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस शिविर में 227 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार एवं दवा वितरण किया। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय अभियान की भी जानकारी दी गई। शिविर में बीएमओ डॉ. दरियो, बीईटीओ श्रीमती सुनैना सेते, बीपीएम श्रीमती शकुंतला जंगेल, डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति यादव, डॉ. स्वाति पाराशर, आरएमए श्रीमती किरण चंद्राकर, डॉ. अनीता कश्यप, एलएचवी श्रीमती तुलावती नागेश, श्रीमती ए डेनियल, शिव भंडारी, फार्मासिस्ट श्रीमती किरण साहू, निलय रॉय, लैब टेक्नोलॉजस्ट की माधुरी कांगे, वाल्मीकि मिश्रा, नेत्र सहायक अधिकारी रैमन बघेल, गीतांजलि, सीएचओ वैशाली नाग, तृप्ति डोंगरे, सविता नाग, दिव्या सेठिया, मेनका राव, उजस मिश्रा, तुलसी देवांगन, महेश पोयम आदि कर्मचारी शामिल रहे।

